



## एक नजर में



### भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित

**बड़ामलहरा, 22 नवंबर.** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् इकाई बड़ामलहरा द्वारा एक दिवसीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में देशभक्ति, जनजातीय गौरव, इतिहास एवं सामान्य ज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था. प्रतियोगिता में विद्यालय के दर्जनों विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. प्रश्नों में सामान्य ज्ञान, इतिहास, संस्कृति एवं समसामयिक विषयों से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण प्रश्न शामिल थे. सभी प्रतिभागियों ने अनुशासन और उत्साह के साथ प्रतियोगिता में अपना प्रदर्शन दिया, जिसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बड़ामलहरा भाग के भाग संयोजक रोहन रावत ,सोनू यादव ,नितेश यादव, संचिता अवस्थी,रोशनी, बबीता, प्रियंका, स्नेहा, लक्ष्मी, रचना एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

### अवैध हथियार के साथ फोटो, वीडियो वायरल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को पकड़ा

**छतरपुर, 22 नवंबर.** पुलिस ने सोशल मीडिया पर अवैध हथियार के साथ अपनी फोटो और वीडियो वायरल करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है. यह कार्रवाई जिले में चल रहे अवैध हथियार विरोधी अभियान के तहत की गई. रात्रि गश्त के दौरान पुलिस को सराफ़ सागर तालाब क्षेत्र में एक संदिग्ध युवक के हथियार लिए होने की जानकारी मिली थी. सूचना पर तुरंत



कार्रवाई करते हुए टीम ने मौके पर पहुंचकर संदेही को पकड़ लिया. तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 315 बोर का देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ. गिरफ्तार युवक की पहचान लवकुशनगर निवासी तोहीद मोहम्मद पुत्र अजीज मोहम्मद के रूप में हुई है. पुलिस के अनुसार आरोपी पहले भी मारपीट के मामलों में शामिल रहा है. बताया गया कि युवक ने लोगों में दहशत फैलाने के उद्देश्य से हथियार के साथ अपनी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किए थे. आरोपी के खिलाफ आयुध अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है. पुलिस ने बताया कि जिले में अवैध हथियारों के खिलाफ चल रहे इस अभियान में अब तक 465 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और कई हथियार बनाने वाली फैक्ट्रियों पर भी कार्रवाई हुई है. यह पूरी कार्रवाई एसडीओपी लवकुशनगर नवीन दुबे के मार्गदर्शन में की गई. पुलिस ने स्पष्ट कहा है कि अभियान आगे भी सख्ती के साथ जारी रहेगा.

# 7 हजार से अधिक मतदाता रिकॉर्ड से गायब

## सर्वे में 3341 मौत, 3254 पलायन और सैकड़ों मतदाता बिना सुराग के मिले

**छतरपुर, 22 नवंबर. जिले में जारी मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है.**

जांच में यह साफ़ हुआ है कि सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज बड़ी संख्या ऐसे मतदाताओं की है, जो अब जमीन पर मौजूद ही नहीं हैं. कुल 14.47 लाख पंजीकृत मतदाताओं में से केवल 34 प्रतिशत का ही डिजिटल सत्यापन पूरा हो पाया है. शुरुआती सर्वे में 7366 लोग लापता मिले, जिनके बारे में ठोस जानकारी नहीं है.

चुनाव विशेषज्ञों का मानना है कि इतने बड़े पैमाने पर मतदाताओं के गायब होने से कई सीटों के नतीजों पर सीधा असर पड़ सकता है. जहां जीत-हार कुछ हजार वोटों में तय होती है, वहां 7366 वोटरों की अनुपस्थिति मुकाबले की दिशा बदल सकती है. विशेषज्ञ यह भी मानते हैं कि यह स्थिति प्रशासन और चुनाव आयोग दोनों के लिए एक स्पष्ट संदेश है.



### कागज़ों पर दर्ज हजारों वोटर, असल में नदारद

**सर्वे रिपोर्ट के अनुसार**

- 3341 मतदाताओं की मृत्यु की पुष्टि
- 3254 लोगों ने स्थायी रूप से जिले से पलायन किया
- 311 मतदाताओं का कोई पता-ठिकाना नहीं मिल सका
- 427 लोग दोबारा पंजीकृत मिले

ये आंकड़े संकेत देते हैं कि जिला स्तर पर मतदाता सूची कई वर्षों से व्यवस्थित तरीके से अपडेट नहीं की

मतदाता सूची को समय-समय पर अपडेट किए बिना सटीक मतदान सम्भव नहीं है.

### जमीनी स्तर पर कई दिक्कतें

- सर्वे टीमों को गांवों और कस्बों में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा
- बड़ी संख्या में ताले पड़े घर और खाली मकान है.
- परिवारों का तेजी से शहरों की ओर पलायन
- पुराने कागज़ी रिकॉर्ड और डिजिटल फाइलों में अंतर
- मतदाताओं द्वारा पता बदलने पर अपडेट नहीं कराना

### विधानसभाओं में ऐसे मिले लापता वोटर

**सबसे अधिक गायब मतदाता बिजावर और राजनगर क्षेत्र में सामने आए.**

बिजावर - 2091
राजनगर - 1592
चंदला - 1130
छतरपुर - 1037
बड़ामलहरा - 928
महाराजपुर - 588

### मौत और पलायन की वास्तविक तस्वीर

**जिला प्रशासन की ओर से जारी आंकड़े स्थिति की गंभीरता बताते हैं.**

| विधानसभा | मृत्यु | स्थाई पलायन |
|---|---|---|
| महाराजपुर | 219 | 306 |
| चंदला | 393 | 632 |
| राजनगर | 645 | 805 |
| छतरपुर | 498 | 403 |
| बिजावर | 1151 | 747 |
| मलहरा | 435 | 361 |
| **कुल** | **3341** | **3254** |

# चंदला सीएमराइज पहुंची डीएसपी मयंका चौरसिया

**चंदला, 22 नवंबर.** सीएमराइज विद्यालय में छात्र छात्राओं को किया मोटिवेशन डीएसपी मयंका चौरसिया, पूर्वसीएम राइज विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र प्रसाद चौरसिया एवं शिक्षा विभाग के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रहे है, जो कि रिटायर हो चुके है, जिसकी पुत्री मयंका चौरसिया निवासी लवकुशनगर इस समय डी एस पी का पद हासिल किया है, एमपीपीएससी में 10 वीं रैंक हासिल की है. चंदला के सी एम राइज विद्यालय पहुंच कर मंदिर में पूजा की और सभी छात्र छात्राओं को इस मुकाम तक पहुंचने के लिए मोटिवेशन किया है, और बताया कि किस तरीके से हमने मेहनत की है 3 बार असफल होने के बावजूद भी मंजिल पाने के लिए अपना हौसला नहीं तोड़ा है, 10 वर्ष तक लगातार प्रयास किया है तब इस 10 वीं रैंक डीएसपी की हासिल की है। पहली महिला रही हैं जो लवकुशनगर ब्लॉक अंतर्गत इस रैंक ओर पद पर नियुक्त हुई है.





उन्होंने बताया कि जिसमें हमारे भाई और पिता का बड़ा सहयोग रहा है, मेरे भाई शिवाकर चौरसिया तथा पिता श्री राजेंद्र प्रसाद चौरसिया जी कभी डिमोटिवेशन नहीं किया लगातार प्रयास करने को बोलते गए और हम करते गए है, अतिथ प्रयासों से इस मुकाम तक पहुंची है. और मुझे बड़ा गौरवान्वित हुआ की हम यहां तक पहुंच गए है.

# ट्रैक पर काम कर रहे मजदूर की ट्रेन की टक्कर से मौत

**नगर के सुल्लेरन पुरवा के पास दर्दनाक हादसा**

**छतरपुर, 22 नवंबर.** नगर के सुल्लेरन पुरवा क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है. यहां बीती रात लगभग 12.30 बजे बरौनी एक्सप्रेस ने रेलवे ट्रैक पर काम कर रहे मजदूर को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. मृतक की पहचान छतरपुर जिले के पनागर निवासी लक्ष्मी चंद चौरसिया के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार, रात के समय मजदूर रेलवे लाइन की मरम्मत और ट्रैक से जुड़े कार्य में लगे थे. उसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही बरौनी एक्सप्रेस अचानक वहां से गुज़री और मजदूर को अपनी चपेट में ले लिया. सूचना मिलते ही रेलवे विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायल मजदूर को जिला अस्पताल छतरपुर ले जाया गया. लेकिन वहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. शनिवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कराया गया और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. स्थानीय लोगों और मजदूर साथियों का कहना है कि रात में काम के दौरान आ रही ट्रेनों की सटीक सूचना कई बार समय पर नहीं मिल पाती, जिससे इस तरह के हादसे होते हैं. पुलिस और रेलवे प्रशासन अब जांच कर रहा है.

### अनियंत्रित होकर पलटा ई रिक्शा 4 लोगों घायल

**चंदला.** शनिवार को शाम लगभग 5 बजे ई-रिक्शा पलट जाने से 4 लोग घायल ग्राम खड़ेहा निवासी नितिन पिता नाना भाई अहिरवार, सम्पत पति हरिकुमार अहिरवार, सिमिया पति हल्के अहिरवार, ई रिक्शा चालक शिवलाल पिता कलुआ अहिरवार चंदला से घर खड़ेहा जा रहे थे तभी नहरपुर तिगैला के पास नियंत्रित होकर पलट गया. ग्रामीण ने तत्काल डायल 112 को दी जिसमें पदस्थ आरक्षक शिवम् मिश्रा मौके पर पहुंच कर घायलों को चंदला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टर के द्वारा इलाज कर दो लोगों को शिवलाल अहिरवार, सिमिया अहिरवार को जिला अस्पताल रेफर किया है.

# ब्रह्म मुहूर्त में योग-ध्यान से साधकों को मिला आध्यात्मिक अनुभव

**बागेश्वर महाराज के साधना शिविर में 73 परिवार शामिल**

**छतरपुर, 22 नवंबर.** गौशाला परिसर में आयोजित बागेश्वर महाराज के साधना शिविर में इस बार 73 पंजीकृत परिवार भाग ले रहे हैं, जहां प्राकृतिक और शांत वातावरण में साधक योग, ध्यान और पौराणिक ज्ञान के माध्यम से तनावमुक्त जीवन का अनुभव कर रहे हैं. शिविर की शुरुआत भगवान राम राजा के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर की गई. सुबह ब्रह्म मुहूर्त में बागेश्वर महाराज साधकों को योग, ध्यान और मानसिक शांति से जुड़े अभ्यास करा रहे हैं.



पहले दिन उन्होंने साधकों को हनुमान के बीज मंत्र का अभ्यास कराया और मार्ग शोधन, निर्विचार साधना, विकार मुक्त प्रक्रिया, नाभि से 'हूं' उच्चारण और त्राटक जैसी गहन साधनाएं कराईं. गौशाला परिसर में जहां साधक भक्ति और साधना में लीन हैं, वहीं वैज्ञानिक भी मानसिक ऊर्जा और आत्मज्ञान से जुड़े पहलुओं पर शोध कर रहे हैं.

### कुएं में डूबने से 5 वर्षीय अबोध बालक की मौत

**बड़ा मलहरा.** महाराजगंज ग्राम में 5 वर्षीय बालक के गुमने की खबर मिली थी गुमशुदा की रिपोर्ट दर्जहोने के बाद बड़ा मलहरा थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची यह घटना बताई गई है. शनिवार को जब कई लोगों ने कुएं के अंदर डूब कर लाश को तलाशा तो शव पानी में तैरने लगी. उल्लेखनीय है कि मृतक अंश अहिरवार पिता कालीचरण अहिरवार निवासी महाराजगंज शुक्रवार को घर से लापता हो गया था जब तलाशने पर नहीं मिला सुबह पुलिस को सूचना दी गई जैसे ही पुलिस पहुंची तो वहां पर कुएं में अंदर डूब कर लोगों ने तलाश किया तो लाश पानी में तैरने लगी फिर उसे बाहर निकाला.

एन बी सी सी NBCC नवरत्न सीपीएसई
ASPIRE

माननीय उच्चतम न्यायालय की निगरानी वाली
आवास परियोजना लर्नेड कोर्ट रिसीवर के माध्यम से
एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड
द्वारा निष्पादित

ई-नीलामी के माध्यम से मालसूची की थोक बिक्री

एस्पायर सिलिकॉन सिटी
फ़ेज-IV, सेक्टर-76, नोएडा, उत्तर प्रदेश
- मालसूची - आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
- स्पेक्ट्रम मॉल, नोएडा के पास और निकटतम मेट्रो स्टेशन नोएडा सेक्टर-50 (एक्वा लाइन) एवं सेक्टर-76 मेट्रो है तथा आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन-25 मिनट








एस्पायर लेज़र पार्क
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
- मालसूची - आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
- डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 30 मिनट

एन बी सी सी NBCC नवरत्न सीपीएसई

एस्पायर लेज़र वैली
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट) उत्तर प्रदेश
- मालसूची - आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
- डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन-35 मिनट




एस्पायर सेंचुरियन पार्क
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
- मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
- डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 30 मिनट

ई.एम.डी. जमा करने की अंतिम तिथि-
•सब पैकेज़ 6 & 8 : 24.11.2025
•सब पैकेज़ 2, 3, 4, 5 & 7 : 27.11.2025
ई.एम.डी.राशि 9.70 करोड़ रु. से 20.90 करोड़ रु. तक

7 पैकेज़ जिनका मूल्य 485 करोड़ रु. से 1,045 करोड़ रु. तक है

ई-नीलामी की तिथि
•सब पैकेज़ 6 & 8 : 25.11.2025
•सब पैकेज़ 2, 3, 4, 5 & 7 : 28.11.2025

कृपया ई-नीलामी दस्तावेज के लिए क्यूआर स्कैन करें:

कृपया अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें : www.nbccindia.in I www.receiveramrapali.in
9772907414